SUPPORTING DOCUMENTS
AQAR: 2023-24

3.1.3	Number of departments having Research projects funded by government and non-government agencies during the year **Attachment:** Funded Research Projects

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

संदर्भ सं0 H71920 — दिनांक 24-2-22

Ref. No. /UPPCB/CL/243/NAMP(Hapur)/2022 — Date

सेवा में, **पंजीकृत डाक द्वारा**

आई0एम0एस0 इंजीनियरिंग कालेज,
द्वारा डा0 मनोज कुमार सिंह
प्रिंसिपल इन्वस्टीगेटर,
डीन, अपलाइड साइंस एण्ड ह्यूमैनटीज,
आई0एम0एस0 इंजीनियरिंग कालेज, एन0एच0–24, आध्यात्मिक नगर,
गाजियाबाद–201009।

विषयः हापुड़ नगर मे परिवेशीय वायुगुणता अनुश्रवण के संबंध में।

महोदय,

कृपया हापुड नगर में परिवेशीय वायुगुणता अनुश्रवण का कार्य आउटसोर्सिंग के अन्तर्गत किये जाने हेतु आप द्वारा प्रेषित प्रस्ताव दिनांक 10.01.2022 का संदर्भ ग्रहण करना चाहें। उक्त प्रस्ताव क्षेत्रीय कार्यालय उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद के पत्र संख्या- 1026/लैब/2022 दिनांक 19.01.2022 के माध्यम से केन्द्रीय प्रयोगशाला उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को संदर्भित किया गया था। उक्त प्रस्ताव पर बोर्ड के सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त अनुश्रवण कार्य की विशिष्ट शर्ते निम्नवत् हैः–

1. हापुड नगर के अर्न्तगत 02 स्थानों क्रमशः श्रीनगर कॉलोनी एवं जिंदल पाइप लिमिटेड, हापुड पर परिवेशीय वायुगुणता अनुश्रवण किया जाएगा, जिसके लिये रू0 8,72,000/–(रु0 आठ लाख बहत्तर हजार मात्र) टैक्स सहित जिसमे समस्त कर सम्मिलित है, प्रति वर्ष की दर से (02 अनुश्रवण केन्द्रों के लिए) भुगतान किया जायेगा।
2. उक्त स्वीकृत परियोजना की समयावधि दिनांक 01.02.2022 से दिनांक 31.01.2025 तक के लिये है।
3. उक्त परियोजना के संचालन हेतु स्वीकृत कुल धनराशि रू0 8,72,000/–(रु0 आठ लाख बहत्तर हजार मात्र) टैक्स सहित का 50 प्रतिशत अग्रिम रूप से किया जायेगा। उक्त 50 प्रतिशत के भुगतान हेतु संस्था द्वारा इन्वायस, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से केन्द्रीय प्रयोगशाला को प्रेषित की जायेगी। परियोजना के अन्तर्गत अनुश्रवण कार्य संस्था द्वारा छः माह के कुशल संचालन के पश्चात, परियोजना हेतु स्वीकृत कुल धनराशि की शेष/द्वितीय किस्त के भुगतान हेतु इन्वायस संस्था द्वारा बोर्ड की क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद के माध्यम से ही प्रेषित की जायेगी। साथ ही संस्था द्वारा संचालित अनुश्रवण केन्द्र के संचालन–संबंधी सत्यापन–आख्या भी, क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद की संस्तुति सहित केन्द्रीय प्रयोगशाला को निर्धारित प्रारूप में अंकित कर प्रेषित की जायेगी। तत्पश्चात ही भुगतान बोर्ड द्वारा देय होगा।
4. परियोजना के अन्तर्गत किये गये कार्यो के विरूद्ध भुगतान में अपरिहार्य कारणों से विलम्ब हो सकता है, उक्त परिस्थिति में संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति नही होगी।
5. परियोजना मे स्वीकृत धनराशि में वायुगुणता अनुश्रवण से संबधित समस्त कार्य तथा स्टेशनों के संचालन एवं अनुरक्षण, स्थल का किराया, बिजली का किराया, श्रमशक्ति, संयंत्रों की मरम्मत इत्यादि सभी व्यय सम्मिलित है। बोर्ड द्वारा प्रस्तर –1 मे वर्णित धनराशि के अतिरिक्त किसी भी अन्य मद में, किसी भी प्रकार का भुगतान संस्था को नही किया जायेगा।
6. यह कि प्रत्येक अनुश्रवण केन्द्र पर सप्ताह में दो दिन 24 घंटे लगातार (वर्ष मे 104 दिन) वायु अनुश्रवण संस्था द्वारा कार्य किया जाना होगा। अनुश्रवण केन्द्रों क्रमशः श्रीनगर कॉलोनी एवं जिंदल पाइप लिमिटेड, हापुड मे 03 प्रचालकों पीएम10, सल्फर डाई आक्साइड तथा नाईट्रोजन डाई आक्साइड गैस का विश्लेषण किया जाएगा। अनुश्रवण एवं विश्लेषण कार्य केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुसार किया जायेगा।
7. संस्था द्वारा परिवेशीय वायुगुणता के आकडे नियमित रूप से अनुश्रवण कार्य के 24 घंटे के अन्दर इंटरनेट के माध्यम से केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय को भी उपलब्ध कराये जायेगे। सभी आंकड़ें निर्धारित प्रारूप मे केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को माह की समाप्ति पर प्रथम दस दिवसों में आवश्यक रूप से (हार्ड कापी तथा साफ्ट कापी) मे उपलब्ध कराये जाएगे। डाटा गैप होने की दशा में उक्त अवधि/दिवसों का भुगतान संस्था को देय नही होगा।

–2–

टी.सी.–12वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर,
लखनऊ—226010
दूरभाष 522-2720831, 2720828
फैक्स 0522 – 2720764, 2720676
ई–मेल : info@uppcb.com
वेबसाइट : www.uppcb.com

T.C.-12V, Vibhuti Khand, Gomti Nagar
Lucknow – 226010
Phone : 0522-2720831, 2720828
Fax : 0522 – 2720764
Email : info@uppcb.com
WebSite : www.uppcb.com

Scanned with CamScanner

Inbox (18) - basudeo.roohani@im | NAAC Criteria-3 Formats - Googl | unnat bharat abhiyan 2.jpg - Goo | (3) WhatsApp

drive.google.com/file/d/1VaZ-Uws0DW2a9_Uniw1y8c8vwh2MOP4U/view

unnat bharat abhiyan 2.jpg   Open with   Share

PROPOSAL (Technology Development)

Upper Cap Funding Rs.1,00,000

1 PI — 2 SEG — 3 NCI — 4 Approved

Observation / History

Comment By	Status	Comments	Date
Comment By seg	Forward to NCI to assign to concern SEG	Please reassign to the SEG "Liquid Waste management"	23-08-2023
Comment By pi	Forward to SEG	All documents are submitted. Please verify.	12-07-2023